दैनिक जागरण (Dainik Jagran)

दिनाँक (Dated): 13.11.2024	पृष्ठ सं0 (Page No). 15	क्रम सं0(Serial No.) 14

सीआइएसएफ की पहली महिला रिजर्व बटालियन को मंजूरी

नई दिल्ली, प्रेट्र: केंद्र सरकार ने पहली केवल महिला सीआइएसएफ रिजर्व बटालियन को मंजूरी दी है। इसमें 1,000 से ज्यादा महिलाकर्मी होंगी। अधिकारियों के अनुसार, यह इकाई सीआइएसएफ के मौजूदा स्वीकृत दो लाख कर्मचारियों में से ही बनाई जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस सप्ताह ही इसका आदेश जारी किया है।

इसमें एक वरिष्ठ कमांडेंट श्रेणी के अधिकारी के नेतृत्व में कुल 1025 महिला सिपाही होंगी। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) के पास 12 रिजर्व बटालियन मौजूद हैं। ये बटालियन रिजर्व, यानी अलग रखी गई हैं और इन्हें अतिरिक्त सैन्य बल के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। यह संसद भवन परिसर की सुरक्षा संभाल रही है, जिसे इसी वर्ष संसद की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।